## चौरई के हलाल बफर जोन रेंज में वन विभाग के डिप्टी रेंजर मरकाम के भ्रष्टाचार का एक और खुलासा

# वन विभाग ने 25 लाख की 300 ट्रॉली रेत की जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई से लगे बफर जोन में इन दिनों रेत तस्करी का कारोबार खूब चल रहा है। वन विभाग और रेत तस्करों की सांठगांठ से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है। हलाल रेंज में कुछ दिन पूर्व में ही खनिज विभाग द्वारा पकड़ी गई अवैध 300 ट्रॉली रेत गायब हो गई। इसकी डिप्टी रेंजर मरकाम को जानकारी भी नहीं लगी। हलाल रेज में वनविभाग का एक और कारनामा सामने आया जिसमें खनिज विभाग द्वारा जब्त की रेत लापता डिप्टी रेंजर मरकाम की रेंज में भ्रष्टाचार का एक और कारनामा जुडा उच्च अधिकारी मौन हलाल बीट के डिप्टी रेजर के रोज नये नये कारनामें का खुलासा हो रहें है। ऐसा हीं मामला आज सामने आया जब डिप्टी रेंजर शत्रुधन मरकाम ने विगत दिनों खनिज विभाग द्वारा पेच नदी से लगे बफर जोन मे अवैध खनन करते हुए तीन सो ट्राली रेत जब्त कर ग्राम कोटवार एवम वन विभाग के डिप्टी रेंजर के सुपुर्द करी थी वह आज बहा से गायब हो गई ग्राम सरपंच और ग्रामीणों के माध्यम से जानकारी दी की ग्राम मे जब्त हुई रेत अब वहा से गायब हो चुकी है या यू कहें की डिप्टी रेंजर और कोटवार की मिलीभगत से रेत गायब करवा दी गई डिप्टी रेंजर और रेत माफियायों के साथ सांठगांठ से हो रहा अवैध रेत परिवहन जांच के नाम पर की जा रही है लीपापोती वन विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल उच्च अधिकारी मौन उच्च अधिकारियों से डिप्टी रेंजर की अच्छी खासी सेटिंग के चलते नहीं हो रही कोई कार्यवाही इसके पूर्व में अपने उच्च अधिकारियों को खुश करने के लिए रेत माफिया से एक लाख पचास हजार की रिश्वत की मांग की गईं थी जिसमें वहा अपनी गरीबी का हवाला दें रहा था जिस पर रेंजर ने कहा फंसने के बाद गरीब भी रिश्वत देते है । आपको क्या दिक्कत है व्ययवस्था करो वही अब रेंजर और कोटवार के द्वारा जब्त की हुई रेत के गोलमाल कर दी गई है।

## घोड़ा डोंगरी में 26 लाख से अधिक का किया था गबन

# गबन के मामले में बिछुआ बीईओ को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

बिछुआ में पदस्थ बीईओ रमेश गांजरे पर 26 लाख से अधिक के गबन के मामले में कार्रवाई की गई है। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। बता दे की बैतूल जिले के घोड़ा डोंगरी में उन्होंने 26 लाख से अधिक का गबन किया था। जनजातिय कार्य विभाग के आयुक्त द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 2018 19 में उन्होंने बैतूल जिले के घोड़ा डूंगरी में पदभार ग्रहण किया था इसी दौरान उन्होंने 26 लाख से अधिक राशि का गबन किया था। इसका खुलासा कोष एवं लेखा विभाग की टीम द्वारा जांच में किया गया इसके बाद बैतूल कलेक्टर ने तात्कालिक बीईओ रमेश गांजरे के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा इसके बाद शासन ने उन्हें जांच में सही पाए जाने पर निलंबित कर दिया। इस तरह घोड़ा डूंगरी में किए गए गबन के बाद अब उनके पदस्थ स्थान बिछुआ में भी जांच की मांग की गई है वहां पर भी जांच होगी तो कुछ ना कुछ घोटाला सामने आ सकता है।




# केंद्रीय विद्यालय क्र 1 में मनाया गया विद्या प्रवेश कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में आज दिनांक 3 में 2024 दिन शुक्रवार को बाल वाटिका तीन एवं कक्षा पहली के बच्चों का स्वागत किया गया। इस विद्या प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्राचार्य महोदय श्री हरि प्रसाद धारकर एवं प्रधान पाठक श्री प्रमोद कुमार कोचे एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री दौलत राम नागवंशी तथा अभिभावक और नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा किया गया । संगीत शिक्षिका श्रीमती जूली सिंघाई एवं प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात श्री प्रमोद कुमार कोचे जी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया । श्रीमती सोनू आशीष वर्मा एवं श्री हिमांशु जायसवाल द्वारा विद्यालय से संबंधित जानकारी अभिभावकों से साझा की गई । इसके बाद नवनिहालों के कक्षा शिक्षकों का परिचय कराया गया । तत्पश्चात प्राचार्य महोदय श्री हरि प्रसाद धारकर जी द्वारा नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया एवं बच्चों में अच्छे संस्कारों की नींव डालने हेतु अभिभावकों से आवाहन किया गया । श्री धारकर जी के कर कमलों से बच्चों को मिष्ठान वितरित कर उनका विद्यारंभ किया गया।

## गौशाला को गुलशन पॉलीमर के सहयोग से मिला ई-रिक्शा

**सौंसर**। शुक्रवार को तहसील के औधोगिक क्षेत्र बोरगांव मीडिया संगठन के प्रयास से गुलशन पोलीओल्स के द्वारा गौशाला को मिला ई रिक्शा प्रदान किया गया।कहते हैं कि गौ माता की सेवा से बड़ी और कोई सेवा नहीं है। मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के प्रयास से गुलशन पोलीओल्स बोरगांव के सौजन्य से गौऊ माता की अच्छी सेवा हेतु अन्नपूर्णा गौशाला बोरगांव को ई-रिक्शा प्रदान किया गया है, मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद सोनी ने बतायाबोरगांव एवं आसपास के क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से व्यापारी द्वारा फेंके जाने वाली हरी सब्जी भाजी आदि को ई रिक्शा के माध्यम से अन्नपूर्णा गौशाला लाकर गौ माता को खिलाया जाएगा, जिससे गौशाला की गौ माता स्वास्थ्य तंदुरुस्त रहेगी। साथ ही गंदगी से भी निजात मिलेगी। गुलशन पोलीओल्स के डायरेक्टर अश्विन वत्स, जीएम चंद्रशेखर तिवारी, एचआर विभाग आशीष दुबे प्रवीण श्रीवास्तव सहित सभी गुलशन परिवार ने ई रिक्शा का पूजा पाठ कर विधिवत शुभारंभ किया।

# 3 लाख के जुआं फड़ के साथ 7 जुआरी धराए, अबरार पर भी हुआ मामला दर्ज

## छिंदवाड़ा के जुआरी आजमा रहे थे दाव, चांदामेटा पुलिस ने जुआ फड़ पर रेडबड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

चांदामेटा पुलिस द्वारा गुरुवार देर रात एक जुआ फड़ पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 7 जुआरियों सहित 1 लाख रुपए नगद सहित 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में परासिया एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट, के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इकलहरा मे नारायण साहू के खेत में बबूल के पेड के पास ताश के पत्तो पर रूपयो की हार जीत का दाव लगाकर जुआं खेल रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी परासिया व थाना प्रभारी चांदामेटा को सूचना से अवगत कराते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में पुलिस स्टाफ को लेकर रेड कार्यवाही की गई जिसमें आरोपीगण (1) शुभम पिता राजेश राय उम्र 26 वर्ष निवासी बार्ड नम्बर -09 लाला वार्ड परासिया थाना परासिया (2) मुकेश पिता अनिल उसरेठे उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड न.-46 मोहन नगर थाना कोतवाली (3) आकाश पिता स्व, चन्द्रबहादर सुब्बा उम्र-34 साल नि.वार्ड न.02 शासकीय आई.टी.आई के पीछे कृष्णा नगर छिंदवाडा (4) रिजवान पिता अब्दुल जावेद खान उम्र-24 साल निवासी वार्ड न.-16 इकलहरा चौकी बडकुडी (5) नितेश पिता ईश्वर साह उम्र-22 साल निवासी वार्ड न.-17 दीघावानी थाना शिवपुरी (6) राज पिता रामु साह उम्र-19 साल निवासी बाजार मोहल्ला परासिया थाना (7) रमेश पिता गिरधर कुशराम उम्र 42 साल निवासी-वार्ड न.10 लहगडुआ थाना कुंडीपुरा को घेराबंदी कर जुआ खेलते हुये पकड़ा गया।



### ये हुआ जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एवं फड से नगदी रकम-110630/- रुपये,52 ताश के पत्ते,07 नग मोबाईल कीमती लगभग-160000/- रुपये,एक स्कूटी यामाह फसीनो कंपनी की हरे रंग की जिस पर रजिस्ट्रेशन न.MP28SD-9811 अंकित है कीमती करीब 60000/- रुपयेइस प्रकार पुलिस ने कुल जमला रकम-330630/- रुपये जप्त किए हैं।

### अबरार था नाल कट

आरोपियो से पूछताछ पर बताया गया कि अबरार सिद्दकी नि. इकलहरा एवं प्रजीत कुमार चौरिया नि. धरमटेकडी जिला छिंदवाडा के द्वारा हर दाव पर नाल का पैसा लेकर अवैध धन लाभ अर्जन कर जुआ खिलवाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी अबरार सिद्दकी एवं प्रतीक कुमार चौरिया पर भी धारा 13 जुआ एक्ट, 109 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया है। वहीं पकड़ाए 7 जुआरियों के खिलाफ धारा 151 जा.फौ. के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। ये रही पुलिस टीमपुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह जाट, निरीक्षक चांदामेटा अरूण मर्सकोले के निर्देशन में चौकी प्रभारी बडकुही अक्रजय धुर्वे, सउनि. रामविलास तिवारी, सउनि, रतिराम प्र.आर. 169 जयप्रकाश सैयाम, प्र.आर 790 भदेय मरावी, प्र.आर-231 प्रमोद धुर्वे आर.293 प्रदीप आर. 943 अनुज शर्मा, आर. 431 अंकित लिल्हारे, आर 357 ललित परतेती, आर. 830 राजकुमार धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्पूर्ण टीम को पुरस्कार करने की घोषणा की है।

# ट्रैक्टर से जुताई कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

## चांद थाने के खुटिया झांझरिया का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

चांद थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खुटिया झांझरिया में खेत की जुताई करने समय एक युवक की करंट लगने से अचानक मौत हो गई। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दरअसल मामला यह था कि किसान खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था वहां खेत में खुले पड़े तार बिजली के तार थे जिस वजह से वह ट्रैक्टर में लपेट गए और ट्रैक्टर में पूरी तरह से करंट छा गया। इसके बाद युवक पूरी तरह से करंट में झुलस गया। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह से करंट को हटाया और घायल युवक को अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक का नाम धर्मेंद्र धुर्वे पिता सेवक धुर्वे उम्र 32 वर्ष है।

### करंट फैलाने वालों पर जल्द होगी कार्रवाई

खेत में जिन लोगों ने करंट फैलाया था उन लोगों पर पुलिस जल्द ही कार्रवाई करेगी लेकिन अभी तक करंट लगाने वालों का पता नहीं चल पाया है पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही करंट लगाने वालों का पता चलेगा पुलिस उन पर सख्त कार्रवाई करेगी क्योंकि करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई है।

# खरीदी केंद्र में किसानों को नहीं मिल है सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

गेहूं खरीदी केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जुन्नारदेव क्षेत्र के किसानों के लिए एकलव्य विद्यालय के आगे वेयर हाउस में खरीदी केंद्र बनाया गया है। जहां पर दूर दराज के किसान अपनी फसल को लेकर आते हैं। जिनके लिए उचित व्यवस्था नहीं है। खरीदी केंद्र में नियुक्त कर्मचारी समय पर खरीदी केंद्र में नहीं पहुंचते हैं। जिसके कारण किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। हिरदागढ़ के किसान गज्जू ने बताया कि उसने अपनी सरसों की फसल लेकर केंद्र पहुंचा जहां उसे 24 घंटे इंतजार करना पड़ा। खरीदी केंद्र में पीने के पानी, तीन सेड की व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## कलेक्टर श्री सिंह ने किया तामिया के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह शुक्रवार को जिले के विकासखंड तामिया पहुंचे और विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा भी की और उन्हें रूटीन कार्यों के अलावा अन्य नवाचार कर आर्थिक रूप से और सशक्त होने के लिए प्रोत्साहित भी किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्रीमती कविता पटवा, तहसीलदार तामिया श्री उमराज सिंह वार्ले, सीईओ जनपद पंचायत तामिया श्री संतोष मांडलिक, एनआरएलएम के विकासखंड समन्वयक सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय अमला भी मौजूद था।

कलेक्टर श्री सिंह सर्वप्रथम तामिया ग्राम पंचायत के भारियाढाना पहुंचे और यहां आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत स्वीकृत भारिया परिवारों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और सीईओ जनपद पंचायत को ये आवास शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही भारिया परिवारों की सुविधा के लिए आवास निर्माण के लिए थोक में कम मूल्य पर रेत एवं अन्य रॉ-मैटेरियल की उपलब्धता हेतु व्यापारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाने के निर्देश तहसीलदार और सीईओ जनपद तामिया को दिए हैं। तामिया ग्राम पंचायत में इस महाभियान के अंतर्गत भारिया परिवारों के लिए 93 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 30 भारियाढाना के हैं। भारियाढाना के बाद कलेक्टर श्री सिंह ग्राम डुंडीशिखर पहुंचे और यहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं द्वारा बनाए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस तालाब की मदद से आस-पास के लोगों को गर्मी में भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

यहां से कलेक्टर श्री सिंह अधिकारियों की टीम के साथ ग्राम कुर्सीढाना पहुंचे और एन.आर.एल.एम. के स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। जय मां आजीविका समूह की इन महिलाओं के द्वारा चार-चिरोंजी का संग्रहण किया जाता है।

# कथा सुनने उमड़ रहा भक्तों का सैलाब, आज आएंगे जगतगुरू शंकराचार्य

## जैतपुर कला में एक सप्ताह से चल रहा १०८ कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर से करीब १५ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जैतपुर कला में एक सप्ताह से १०८ कुण्डीय श्री राम महायज्ञ चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जैतपुर कला के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तगण पहुंचकर यज्ञ में आहुति डाल रहे हैं। साथ ही अपने क्षेत्र के साथ जिले भर में शांति तथा सुख-चैन की मन्नतें भी मांग रहे हैं और माथा टेककर मन्नतें मांग रहे है। यज्ञ के संयोजक पंडित प्रभाकर प्रसाद शास्त्री ने बताया कि शनिवार ४ मई को पूज्यपाद अनंत विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे। जगतगुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज जैतपुर कला में दो दिन तक श्रीराम कथा पर प्रवचन देंगे। उन्होंने बताया कि यज्ञ स्थल पर चल रही कथा में श्रद्धालुगण बढ़-चढक़र हिस्सा ले रहे हैं और पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। प्रभु श्री राम की कथा छटवे दिन भी भक्ति का आनंद लिया। प्रवचन सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे रहे हैं। यज्ञस्थल के आसपास श्रीराम दरबार में मेला का आयोजन भी किया गया है। जहां बच्चों के लिए खिलौने, झूले तथा फल-फूल की दुकानें भी लगाई गई है। भक्तों के लिए पंडाल में धूप से बचने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा बीमारों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शिविर भी लगाया गया है। शिविर में श्रद्धालुओं स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच भी कराई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यज्ञ स्थल के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रतिदिन चल रहा भण्डारा28 अप्रैल से ६ मई तक लगातार चलने वाले 108 महायज्ञ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ में ग्राम जैतपुर कला के सेवाधारियों द्वारा कथा सुनने आए लोगों के लिए भण्डारे की व्यवस्था भी की गई है।

## मोहगांव पुलिस ने पकड़ी 60 लीटर महुआ शराब

**सौंसर**। मोहगांव पुलिस द्वारा ग्रामीण अंचलों में खुलेआम बन रही कच्ची शराब के ठिकानों पर छापामार कार्यवाही की गई मोहगांव पुलिस नगर निरीक्षक एबी मर्सकोले, सहायक उपनिरीक्षक कैलाश पवार एवं स्टॉफ द्वारा ग्राम पीपलगांव के जाम नदी में एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाई जा रही है.पुलिस के पहुचते ही कच्ची शराब बनानेवाला देवराव पिता काशीनाथ उईके निवासी पिपलगांव भागने की कोशीश कर रहा था. पुलिस ने घेराबंदी करते हुये पकडा.मौके से दो टयुब जिसमें तीस-तीस लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की.पुलिस ने आरोपी देवराव के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये गिरफतार किया है. आरोपी को न्यायालय में पेष करते हुये जेल भेजा गया।

## अनुमति के विपरित उपयोग पर निगम कर रहा कार्यवाही

# नगर निगम ने बेसमेंट में चल रही 16 दुकानें की सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा अन्तर्गत परासिया रोड स्थित व्यवसायिक भवनों में बेसमेंट पर पार्किंग की अनुमति प्राप्त करने के बाद भवन स्वामियों द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा था। जिला कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर कार्यपालन यंत्री श्री ईश्वर सिंह चंदेली द्वारा परासिया रोड की 50 दुकानों को भवन अनुज्ञा के विपरित उपयोग करने एवं भवन के बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर दुकानों का संचालन किए जाने पर नोटिस जारी किए गए थे, इन भवन स्वामियों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी भवन स्वामियों द्वारा नोटिस का समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत नही किया गया। इसके साथ ही बेसमेंट को पार्किंग के लिए उपयुक्त न बनाते हुए दुकान का संचालन जारी रखा। जिला कलेक्टर एवं निगमायुक्त के निर्देश पर जारी इस कार्यवाही में गुरुवार को पांच दुकानें सील की गई थी शुक्रवार को कार्यवाही जारी रखते हुए बेसमेंट में चल रही 16 दुकानों को निगम अमले ने सील कर दिया। यह कार्यवाही देर शाम तक चलती रही। निगम अमले द्वारा शेष बचे भवन स्वामियों पर प्रतिदिन नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

व्यवस्थाओं का लिया जायजा, रोजाना अधिकारी पहुंचकर ले रहे जायजा, तैनात पुलिसकर्मी कर रहे ईव्हीएम मशीनों की निगरानी

# कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हुये पंद्रह दिन बीत चुके हैं। आगामी 4 जून को मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किये जावेंगे। इस दौरान ईवीएम की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है। प्रशासन आधुनिक उपकरणों के साथ ही सुरक्षाकर्मियों के माध्यम से ईवीएम मशीनों की सुरक्षा का दावा निरंतर कर रहा है जिसका जायजा लेने के लिये आज कांग्रेस के प्रतिनिधिगण पीजी कॉलेज पहुंचे। चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत ईवीएम मशीनों की सुरक्षा किस स्तर पर की जा रही है। सुरक्षार्थ क्या-क्या आधुनिक उपकरण लगाये गये हैं साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से लेकर अन्य आवश्यक बिन्दुओं का अवलोकन करने कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण स्ट्रांग रूम पहुंचे। स्ट्रांग रूम पहुंचने के पश्चात कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा का जायजा लिया। दिनांक 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान उपरांत जनता के मत ईवीएम में बंद है। शासकीय स्वशासी पीजी कॉलेज में ईवीएम विधानसभावार रखी गई है।



कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण पीजी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईवीएम की सुरक्षा का जायजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी व कांग्रेस नेता रिंकू नैय्यर अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा लिया गया। पांढुर्ना एवं छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनों को विधानसभावार रखा गया है। सुरक्षार्थ तैनात पुलिसकर्मी शिफ्ट में ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं या नहीं इसका भी निरीक्षण कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया है।

## व्यवस्थाओं पर नहीं चालान काटने पर है पुलिस का पूरा जोर

**छिन्दवाड़ा:** प्रातः काल व सांय काल के समय को छोड़कर शहर के मुख्य चौक व चौराहों से पुलिस पूरी तरह नदारद है। दोनों समय भी पुलिस चालानी कार्यवाई के मिले लक्ष्य की प्राप्ति के लिये खड़ी रह रही है। इसका भी प्रथम उद्देश्य वाहन चालकों की जेब खाली करना है ना की व्यवस्थायें बनाना। मुख्य मार्गों से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने तक बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों ने शहर की बिगड़ी हुई यातायात अव्यवस्था की पोल खोल दी है। उक्त उदगार आज कांग्रेस सेवादल ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किये। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाई होनी चाहिये, किन्तु पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुये लक्ष्य की प्रतिपूर्ति के लिये केवल चालानी कार्यवाई करना न्यायोचित नहीं है। सुबह के समय लोग कार्यालय जाते हैं और शाम के समय काम कर लौटते हैं इस दौरान पुलिस केवल चालान कटाने के लिये खड़ी रहती है। चालानी कार्यवाई के बावजूद शहर में ट्रैफिक की स्थिति जस की तस है। इससे यह साबित होता है कि पुलिस का व्यवस्था बनाने पर नहीं बल्कि चालान काटने पर अत्याधिक जोर है।

## एकीकृत माध्यमिक शाला माइनस दमुआ का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा

**दमुआ।** माध्यमिक शाला माइनस दमुआ में वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा शाला में कक्षा आठवीं का वार्षिक परिणाम 96% रहा जिसमें की ए ग्रेड में 20 बी ग्रेड में 4 और सी ग्रेड में 2 रहा तथा कक्षा पांचवी का वार्षिक परिणाम 100% रहा जिसमें ए ग्रेड में 12 बी ग्रेड में 15 सभी बच्चों को बधाई प्रेषित कर शाला के प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का अध्यापन कार्य में विशेष योगदान रहा प्रधान पाठक बालकराम साहू सर, धनीराम कुमरे सर, श्रीमती रीता ऊईके, उमा भावरकर, दीपिका मालवीय, चीना धुर्वे, अलका रूसिया, संजय वर्मा,संतोष ठाकुर सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 7 मई को लगेगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ व लायंस क्लब परासिया के तत्वावधान में 07 मई दिन मंगलवार सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक बेरियल कॉलरी ऑफिस के सामने गरीब भोज परिसर दमुआ में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का भव्य आयोजन किया गया है आधुनिक सुविधाओं से संपन्न लायंस नेत्र चिकित्सालय परासिया के नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मोतियाबिंद का कुशल ऑपरेशन कर लाभान्वित किया जाएगा निःशुल्क जांच शिविर में मरीज को अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड ,की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। निःशुल्क सुविधाओं में आंखों की जांच मोतियाबिंद का ऑपरेशन, लेंस, दवाइयां ,काला चश्मा, चाय, नाश्ता भोजन मरीजों को लाना ले जाना बिस्तर व देखभाल इत्यादि सम्मिलित है।

# बिछुआ में अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरपी यादव व आईक्यूएसी संयोजक डॉ.पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ.मनीता कौर विरदी ने कार्यक्रम की शुरुवात के साथ अतिथियों का स्वागत कर , पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाया जाता है एवम पत्रकारिता का महत्व बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अजीत कुमार डेहरिया ने बताया की जैसी स्वतंत्रता भारत मे है दूसरे देशों मे नही है तथा स्वतंत्रता से पूर्व बाद में पत्रकारिता की स्थिति पर चर्चा की आपने इंडेक्स के बारे मैं बताया। वहीं डॉ.स्मिल बेलिया ने कहा कि हमें अपने विचार या मत रखने की स्वतंत्रता है सोशल मीडिया पर भी कई प्लेटफार्म हैं जहां आप अपनी बात रख सकते है। डॉ.नसरीन अंजुम खान ने पत्रकारिता के निष्पक्ष पहलू के बारे मे बताया। डॉ.संतोष उपाध्याय ने स्वतंत्रता के प्रकार बताए। तथा उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक चतुर्थ स्तंभ के रूप में स्थापित है कार्यक्रम की सह संयोजक डॉ.शशि उइके ने कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी को अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए। एवम सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका श्री मनीष पटेल की रही एवम नवीन चौरसिया व विपिन मोखलगाय का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व विधार्थियों की उपस्थिति रही।

# संकल्प विद्या मंदिर में वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

संकल्प विद्या मंदिर में शिक्षकों के लिए वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। संचालक राजेंद्र निमकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र मुंबई द्वारा एक दिवसीय शालेय शिक्षकों के लिए वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्राचार्य श्रीमती वर्षा ठाकरे द्वारा शिक्षकों को वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम का महत्व बताया गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र मुंबई के प्रशिक्षक जितेंद्र धूंडे द्वारा बचत निवेश, म्युचुअल फंड ,बैंकिंग सेवाएं, ई बैंकिंग,जनधन योजना,पेंशन योजना, अपने सेविंग को एसआईपी के माध्यम से कैसे धन वृद्धि कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत रूप से पीपीटी के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। ई एल एम एस के पंजीयन एवं प्रमाण पत्र कैसे प्राप्त कर सकते हैं इस संबंध में भी विस्तृत जानकारी शिक्षकों को प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख रूप से श्रीमती वैशाली निमकर प्राचार्य,वर्षा ठाकरे, प्रगति कडु ,नीलम पाल , अंकिता गहूकर,मोनिका टेकाडे ,सविता अड़ाउ,सना खान प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# श्रीमद भगवद गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गत 24 अप्रैल को शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता मुकुल सोनी की पूज्य माता श्री कांति देवी सोनी का परलोक गमन हो गया था। उनके मोक्ष हेतु सन्त श्री आशारामजी गौशाला में श्री मद भगवद गीता के 7 वें अधयाय का पाठ श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधकों ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि किसी व्यक्ति का शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु तीसरा , तेरहवीं ,अस्थि विसर्जन , गंगा पूजन का वैदिक विधान है । किसी कारणवश यह सब नहीं कर पाए तो श्री मद भगवद्गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान शास्त्रों में है । संस्था समय - समय पर नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु यह सेवा कार्य करती रहती है साथ ही राम कुमार लहरपूरे शिक्षक आठनेर के लिये भी पाठ कर तर्पण किया गया । इस अवसर पर साध्वी नीलू बहन अहमदाबाद आश्रम से आये लक्ष्मीकांत द्विवेदी , गौशाला संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , महिला समिति से विमल शेरके , डॉ. मीरा पराड़कर , सन्ध्या रघुवंशी , शकुंतला कराड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## आईडियल एकेडमी ने 10 वीं व 12 वीं बोर्ड में फहराया सफलता का परचम

**वारासिवनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं व कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणामों में आईडियल एकेडमी हायर सेकेन्डरी स्कूल वारासिवनी के परीक्षा परिणाम संपूर्ण नगर में सर्वोत्कृष्ट रहे। इस विद्यालय के दो विद्यार्थियों क्रमशः कार्तिक सेलोकर व हर्ष पटले ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा में मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10 वॉ स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार, नगर व जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया।विद्यालय संचालक व प्राचार्य सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10 वीं में 55 परीक्षार्थियों में 53 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 50 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी व 3 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 22 परीक्षार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया बालाघाट की पहल

## थाईलैण्ड देश की धम्मयात्रा (टूर)का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संघठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिसके राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बोधिसत्व डा.बाबा साहब के पौत्र डा. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर है,उनके कुशल नेतृत्व में संपूर्ण भारत भर में भारतीय बौद्धो उत्थान के लिये निरंतर कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी क्रम में जिला शाखा बालाघाट द्वारा प्रतिवर्ष धम्म यात्राओं (टूर) का आयोजन कर बुद्धिस्ट संस्कृति से धम्म बंधुओं को निरंतर अगवत कराया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 10 से 16 नवंबर 2024 तक थाईलैण्ड देश की धम्मयात्रा(टूर) का आयोजन किया गया है। जिसमें कलकत्ता(भारत) थाईलैण्ड के पटाया, बैंकाक, आयुथया शहरों के प्रमुख पर्यटन स्थल जिसमें लेजर माऊंटेन बुद्धा, बिग बुद्धा, कोरल आयलैण्ड, स्पीडबोट, 3 डी म्यूजीयम, सफारी वल्ड, मरीन पार्क, गोल्डन बुद्धा,रिक्लेगींग बुद्धा, धम्मकाया फाउंडेशन एतिहासिक बुद्धिस्ट पार्क शापिंग एमबीके मॉल आदि जगह का भ्रमण रहेगा। सभी जगह 3 स्टार होटल में रूकने की, एसी बस में घूमना, सुबह शाम नाश्ता व भोजन आदि की व्यवस्था रहेगी। टूर में जाने के इच्छुक यात्री संस्था के पदाधिकारियों से संपर्क कर अपनी सीट बुक कर सकते है।

नगर परिषद जल प्रदाय शाखा ने जब्त की तीन मोटर

# पानी की चोरी करने वालों पर नपा ने कसा शिकंजा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** करीब साढ़े 05 लाख लीटर पानी की क्षमता वाले कटंगी शहर में रोजाना डबल यानी करीब 11 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जा रही है लेकिन इसके बावजूद शहर के कुछ हिस्सों में पानी नहीं पहुंच रहा है. जिसका मुख्य कारण रसूखदार, सुविधा संपन्न और नौकरीपेशा उपभोक्ताओं के द्वारा मेन लाइन और नलों के ऊपर टुल्लू पंप लगाकर पानी की चोरी करना है. इस चोरी को रोकने के लिए अब नगर परिषद की जल प्रदाय शाखा ने चोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. शुक्रवार को जल प्रदाय शाखा प्रभारी सुनील कुमार मरकाम और उनकी टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक 04 अस्पताल कॉलोनी में दबिश देकर 03 मोटर पंप जब्त किए है. हालांकि पानी की चोरी करने वालों पर नगर परिषद चाहे तो एफआईआर दर्ज करवा सकती है. परंतु नगर परिषद ने पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है. आपको बता दें कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही कटंगी शहर के सभी 15 वार्डों में पेयजल संकट की समस्या दिखाई पड़ती है. पर्याप्त मात्रा में दोनों वक्त सुबह और शाम पानी की सप्लाई करने के बाद भी वार्डवासियों को पानी नहीं मिल पाता और नगर परिषद को कई वार्डों में टैंकर से पानी की सप्लाई करनी पड़ती है. जिसमें नगर परिषद को अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है. उल्लेखनीय है कि मोटर और टुल्लू पंप लगाकर पानी की चोरी किए जाने की शिकायतें नगर परिषद को पहले से ही मिलती रही है. मगर, गर्मी में पेयजल संकट को देखते हुए अब जल प्रदाय शाखा ने कार्रवाई करनी शुरू की है.

आमतौर पर तमाम प्रगतिशील शहरों में एक वक्त ही पानी की सप्लाई की जाती है. मगर, कटंगी जैसे शहर में नगर परिषद दोनों वक्त पानी की सप्लाई करती है, फिर भी शहर की जनता को पानी नहीं मिल पाता. कारण जानने पर पता चला है कि कुछ लोग अपने घरों की छत पर लगी पानी की टंकी में भी चोरी का पानी संग्रहित करते है. ऐसी शिकायत नगर परिषद की जलप्रदाय शाखा के पास लगातार पहुंच रही थी. मगर, नगर परिषद इन शिकायतों पर अब तक चुप्पी साधे हुई थी. बहरहाल, जब शुक्रवार को मोटर जब्त करने की औचक कार्रवाई हुई तो हड़कंप मच गया. प्रभारी ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई अब सतत जारी रहेगी. बता दें कि इसके पूर्व वार्ड क्रमांक 08 और 09 में भी कार्रवाई की गई थी लेकिन तब पानी की चोरी करने वाले लोगों को केवल समझाइश देकर छोड़ दिया गया था. वहां किसी प्रकार की जब्ती नहीं की गई थी।



### इनका कहना है

टुल्लु पंप लगाकर पानी की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. अगर जरूरत पड़ी तो अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।

**सुनील कुमार मरकाम**
**जल प्रदाय शाखा प्रभारी नपा**

## जिला चिकित्सालय के कान्फ्रेंस हॉल में विशेषज्ञ, पीजीएमओ, बंध-पत्र चिकित्सा अधिकारी की बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला चिकित्सालय कान्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डे की अध्यक्षता एवं सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन की उपस्थिति में समस्त विषय विशेषज्ञ, पीजीएमओ. बंध-पत्र चिकित्सा अधिकारी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिन प्रतिदिन मरीजो से सम्बधित सेवाओ जैसे आईपीडी, ओपीडी, ऑपरेशन प्रिस्क्रिप्शन से सम्बधित विषयों में चर्चा की गई। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को सेवाओं में सुधार के लिए आदेशित किया गया । सभी मेडिकल ऑफीसर को चिकित्सालय के समयानुसार उपस्थित होने के निर्देशित किया है।

हुई मंहगी बड़ी शराब, थोड़ी-थोड़ी पिया करो...

# एमआरपी से ज्यादा दाम में बेची जा रही शराब, आबकारी विभाग कार्यवाही करने से कर रहा परहेज

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नियम के अनुसार किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक नहीं बेचा जा सकता है, लेकिन यह नियम शराब की बोतलों पर लागू होता नजर नहीं आ रहा है। प्रदेश में शराबबंदी तो नहीं हुई, लेकिन शराब दुकान में शराब के शौकीनों की जेब जरूर काटी जा रही है। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दाम पर शराब की बिक्री से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जिसका नजारा शराब दुकान में रात 8 बजे के बाद शराब के मूल्यों को लेकर दुकानदार और ग्राहकों के बीच तीखी बहस के रूप में आसानी से देखा जा सकता है। जिसकी शिकायत भी जिम्मेदारों तक पहुंचने के बाद भी कान में जू तक नहीं रेंग रही है जिससे एक ओर मदिरा प्रेमी लूटे जा रहे है। वहीं दूसरी ओर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही से गुरेज करने पर शराब ठेकेदार की आबकारी विभाग से सांठ-गांठ की बू भी आ रही है।

### महीने भर में ही नए ठेकेदार दिखाने लगें है तेवर

शराब के नए ठेके को लागू हुए अभी एक माह का समय ही बीता है परंतु शराब ठेकेदारों ने अपनी मनमानी शुरू कर दी है। देशी विदेशी शराब निधर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खुलेआम बेची जा रही है। लोगों का आरोप है कि यह सब कुछ आबकारी विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है। शराब ठेकेदार जहां ग्राहकों के जेब पर डाका डालकर बेहिसाब मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं विभागीय अधिकारियों की भी जेब भर रहे हैं। यह हाल एक दुकान या जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील क्षेत्रों में भी है। जिससे सुरा प्रेमियों की जेब धड़ल्ले से काटी जा रही है और विभाग मौन है। वहीं जानकारी अनुसार बालाघाट जिले में सबसे अधिक ठेका सोम कंपनी को मिला है जो राजनीतिक रसूख का बेजा फायदा उठाते हुये मनमानी पर उतारू है।

### एमएसपी और एमआरपी के बीच हो रहा खेल

लाइसेंसी ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है और इस तरह प्रत्येक शराब की दुकान पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक की अतिरिक्त कमाई हो रही है। इस अतिरिक्त कमाई का हिस्सा विभागीय अधिकारियों तक भी पहुंच रहा है। शायद यही वजह है कि अधिकारियों ने इस गंभीर मामले में भी चुप्पी साध रखी है। एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध शराब की बोतल पर एमएसपी और एमआरपी अंकित रहता है। जिसका साफ मतलब है कि शराब ठेकेदार एमएसपी और एमआरपी के बीच में शराब का विक्रय करेगा, लेकिन शराब ठेकेदार अपने रसूख के चलते खुलेआम एमआरपी से कई गुना अधिक रुपए शराब की बोतलों पर वसूल रहा है। इसको लेकर प्रशासन ठेकेदार के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। शराब व्यापार से जुड़े सूत्रों की माने तो जबकि किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध है।

### एमएसपी और एमआरपी के बीच हो रहा खेल

लाइसेंसी ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है और इस तरह प्रत्येक शराब की दुकान पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक की अतिरिक्त कमाई हो रही है। इस अतिरिक्त कमाई का हिस्सा विभागीय अधिकारियों तक भी पहुंच रहा है। शायद यही वजह है कि अधिकारियों ने इस गंभीर मामले में भी चुप्पी साध रखी है। एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध शराब की बोतल पर एमएसपी और एमआरपी अंकित रहता है। जिसका साफ मतलब है कि शराब ठेकेदार एमएसपी और एमआरपी के बीच में शराब का विक्रय करेगा, लेकिन शराब ठेकेदार अपने रसूख के चलते खुलेआम एमआरपी से कई गुना अधिक रुपए शराब की बोतलों पर वसूल रहा है। इसको लेकर प्रशासन ठेकेदार के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। शराब व्यापार से जुड़े सूत्रों की माने तो जबकि किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध है।

### महीनो से बंद है आबकारी विभाग का कार्यालय

लांजी नगर में कई कार्यालय सुबह से शाम तक हर रोज खुलते हैं और अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी समय पर ड्यूटी करने आते हैं। लेकिन आबकारी विभाग का कार्यालय लांजी के हाऊबाग में स्थापित है, परंतु यह कार्यालय ऐसे स्थान पर स्थापित है कि लांजी क्षेत्र में किसी को भी पता नहीं है। पता हो भी कैसे कोई कार्यालय समय पर ओर हर रोज खुलता हो तभी तो किसी को जानकारी होगी। जब कोई कार्यालय महीनों से खुला ही न हो, तो भला किसी को कैसे मालूम होगा। मजे की बात तो यह है कि जिले के आला अधिकारी अपने कार्यालय तक सीमित हैं, इन अधिकारियों ने अभी तक यह जहमत नहीं उठाई की फील्ड में भी सघन जांच संपर्क स्थापित हो या अवैध शराब की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ऐसे भी कई विभाग हैं जिनका जनता से जुड़ाव कम ही होता है इसी के चलते जिला आबकारी कार्यालय के अधिकारी अभी तक आंखें मूंदकर वैठे हैं।

### महीनों से नहीं की गई है कोई कार्रवाई

लांजी में आबकारी कार्यालय स्थापित तो है मगर ताले बंद है क्योंकि कोई भी आबकारी कार्यालय में बैठना तो दूर झांकने भी नहीं आता, लांजी नगर में ऐसे कई वार्ड है जिनमें अवैध शराब का कारोबार हो रहा है, साथ ही लांजी मुख्यालय से लगे ग्रामों में भी बेखौफ अवैध शराब बेची जा रही है। वर्षों से पुलिस द्वारा शराब की तस्करी को रोकने समय-समय पर सघन जांच की जाती है और उसमें सफलता भी मिलती है लेकिन जो मूल कार्य जिस विभाग का है उसने वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि हर माह आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ठेकों पर कागजी कार्रवाई के नाम पर चाय नाश्ता करते नजर आते हैं।



## सिवनी कोतवाली के नकद रिश्वत मांगने वाले मुंशी का ऑडियो:वायरल

# बोला: 25000 दो अन्यथा केस बनाकर अंदर डाल दूंगा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे इस तरह के अफसर से किस तरह की निष्ठा ईमानदारी की अपेक्षा रखे आम जनता।




### अब आईए जानते हैं पूरा मामला

सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम ताखला खुर्द निवासी नरेंद्र पंचेश्वर एवं जितेंद्र पंचेश्वर मकान में लेंटर ढलाई का ठेका लिया करते हैं कुछ दिन पूर्व उन्होंने सिवनी नगर के साकार सिटी में एक मकान में लेंटर ढलाई का ठेका लिया था लेंटर ढलाई के दौरान एक मजदूर सज्जे से नीचे गिर गया जिसे बिसेन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां से उसे नागपुर रेफर कर दिया गया था वही इलाज के दौरान उस मजदूर की मृत्यु हो गई थी घटना के तुरंत बाद ही मकान मालिक के द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई थी पुलिस ने शव का पीएम करके शव परिजनों को सौंप दिया था

### अब यहां से शुरू होती है असली कहानी

उक्त घटना मार्च माह की बताई जा रही है घटना के लगभग 10 दिन बाद सिवनी कोतवाली में पदस्थ मुंशी जगदीश घोडेश्वर का जितेंद्र पंचेश्वर के मोबाइल पर फोन आता है और मुंशी के द्वारा जितेंद्र को थाना बुलाया जाता है डराया धमकाया जाता है उसके बाद जितेंद्र के मोबाइल पर मुंशी जगदीश के द्वारा कई बार फोन किया जाता है और कहा जाता है कि तुम ₹25000 दो अन्य था किसी भी मामले में आपके अंदर कर दूंगा तुम्हारा गांव में समझौता भी हो गया है उससे हमें कोई लेना-देना नहीं है पुलिस अपना काम करेगी।

जितेंद्र पंचेश्वर जगदीश मुंशी से पूरी तरह प्रताड़ित हो चुका था यहां तक कि जितेंद्र ने जब हरिभूमि टीम से बात की तो जितेंद्र बताता है कि मैंने एक बार आत्महत्या करने का फैसला भी कर लिया था जगदीश के फोन जितेंद्र के पास लगातार आ रहे थे जिससे जितेंद्र काफी परेशान हो गया था ग्रामीण क्षेत्र के लोग वैसे भी भोले भाले होते हैं जिसका सीधा फायदा जगदीश मुंशी ने उठाने का प्रयास किया

### सिवनी कोतवाली के मुंशी जगदीश घोडेश्वर की पुलिस अधीक्षक से हुई शिकायत

जी हां आज दिनांक 3 में 2024 दिन शुक्रवार को प्रताड़ित जितेंद्र पंचेश्वर एसपी से न्याय की गुहार लगाने एसपी कार्यालय पहुंचा शिकायत करता ने अपने आवेदन पत्र में उक्त घटना का उल्लेख करते हुए माननीय पुलिस अधीक्षक से न्याय का हनन न हो और उक्त रिश्वतखोर पुलिस अधिकारी पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है जगदीश मुंशी के व्यवहार से जितेंद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित हुआ है खबर प्रकाशन के बाद अब ये भविष्य के गर्भ में है कि जगदीश मुंशी पर पुलिस अधीक्षक महोदय किस तरह की कार्रवाई करते हैं।

### पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी...

इस पूरे मामले को लेकर जगदीश घोड़ेश्वर मुंशी का कहना पी एम रिपोर्ट आनेके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी अभी हमने मृतक की पत्नी एवं उनके साथकार्य करने वाले के बयान ले लिएहैं उनके जवाब संतुष्ट जनक नही दिखे पैसे कीमांग को लेकर सवाल पर इंकार कर दिया ।

# कोतवाली पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों में 4 सटोरियों पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा लगातार जुआडियो व सटोरियो पर कार्यवाही हेतु सख्ती से निर्देशित किया गया है जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में सटोरियो पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी श्री सतीश तिवारी द्वारा स्वयं के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आजाद वार्ड, गंज, कुचबुंदिया मोहल्ला अलग अलग स्थानो पर मुखबिर सूचना पर सट्टा रेड कार्यवाही की गई जिसमें निम्नांकित आरोपियो के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। 1. ओमकार पिता हरिराम गोखले उम्र 55 साल नि. अमन होटल के पीछे आजाद वार्ड सिवनी 2. जितेन्द्र पिता अशोक साहू उम्र 32 साल नि. जनता नगर डूण्डासिवनी 3. आकाश पिता दीपक मेहरा उम्र 26 साल नि. वाडीवाडा डूण्डासिवनी 4. गोपाल पिता दीनालाल रैकवार उम्र 52 साल नि. रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी जप्तीः- 4810/- रूपये नगदी, सट्टा पट्टी, कार्बन, डाट पेन विशेष भूमिकाः- निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. 90 सुन्दरश्याम, आर. 262नीतेश, 134 अमित रघुवंशी, 624विक्रम, म.आर. 616 फरहीन, आर. 247 इरफान ।

### कैम्प के लिए रवाना हुए एनसीसी छात्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी के एनसीसी के लगभग 12 बच्चे छिंदवाड़ा में लगने वाले NCC Training Camp जो 2 मई से 11 मई तक छिंदवाड़ा में कन्या परिसर मे आयोजित होगा।Camp शामिल होने के लिए शाला की बस से रवाना हुए बच्चों ने समय से केंप स्थल पर पहुंचकर समय से अपनी उपस्थिति दी , और आज से अपने कैंप पर उसके प्रशिक्षण में लग गए ।

इस कैंप मे शामिल छात्र छात्राओं को शारीरिक और शैक्षणिक प्रशिक्षण के दौरान फायरिंग रेंज में भी फायरिंग का अभ्यास कराया जाएगा। मॉडर्न हायर सेकेण्डरी स्कूल सिवनी शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्राचार्या महोदया ने उन सभी बच्चों के प्रशिक्षण हेतु बहुत सारी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोबाइल टी.वी. से दूर बच्चे सीख रहे हुनर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में चल रहे समर कैंप 2024 में सिवनी नगर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 छात्र-छात्राऍं शामिल होकर ग्रीष्म अवकाश के समय का श्रेष्ठ सदुपयोग कर रहे है। समर कैम्प में शामिल प्रतिभागी न केवल विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है बल्कि योग प्राणायाम से अपने शरीर और मन को भी सशक्त बना रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 11 बजे तक संचालित समर कैम्प में शामिल छात्र-छात्राऍं मोबाइल और टी.वी. से दूर रह कर खेल-कूद के अभ्यास के साथ-साथ जीवन जीने की कला भी सीख रहे है। आज के आधुनिक समय में जहॉं छात्र -छात्राओं ने मैदानों से दूर होकर अपने आप को टी.वी और मोबाइल की नकली कृत्रिम दुनिया में कैद कर अपने आपको अनेक प्रकार की मानसिक और शारीरिक व्याधियों से ग्रसित कर लिया है। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी का प्रागंण बच्चों की किलकारियों से गूंज रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में विगत तीन दिवस से संचालित समर कैम्प अपनी विविधता के कारा नगर मं चर्चा का विषय बना हुआ है। समरकैम्प में खेल, स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर, संगीत, मेंहदी, चित्रकला, मूर्तिकला, रंगोली के साथ-साथ भारतीय खेलो का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैम्प के तृतीय दिवस लगभग 300 छात्राओं ने कैम्प में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान उन्हे गुड़-चना का पौष्टिक अल्पाहार भी दिया गया। समर कैम्प के तृतीय दिवस विद्याभारती जिला सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल एवं विद्यालय व्यवस्थापक श्री नितिन चैधरी ने प्राचार्य ओमप्रकाश यादव के साथ समर कैम्प का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया।



''उठा रहे खेलों का आनंद''

# गबन मामले में पूछताछ करने सिवनी पहुंची डिंडौरी की विशेष पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

डिंडौरी में करीब ढाई करोड़ रुपये के गबन के मामले फरार चल रहे सिवनी आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके के मामले में पूछताछ के लिए डिंडौरी पुलिस की टीम जांच करने सिवनी पहुंची।गुरूवार को दोपहर डिंडौरी पुलिस टीम ने सहायक आयुक्त कार्यालय पहुंच कर यहां पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों से पूछताछ की।अचानक डिंडौरी पुलिस टीम के कार्यालय पहुंचने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।जांच करने सिवनी पहुंची पुलिस की विशेष टीम में टीआई, एक एसआई समेत पांच सदस्यीय दल शामिल था।पुलिस की इस टीम ने किसी को भी सिवनी पहुंचकर जांच करने की जानकारी नहीं दी।यहां तक की सिवनी पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं दी गई। आदिवासी विकास विभाग सिवनी के सहायक आयुक्त अमर सिंह उइके के विरुद्ध तीन माह पूर्व डिंडौरी कोतवाली थाना में 2.59 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से अमर सिंह उइके फरार हैं। डिंडौरी पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा है। इसके बाद भी तीन माह से फरार चल रहे सहायक आयुक्त का पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई हैं। डिंडौरी पुलिस की टीमें लगातार फरार चल रहे अमर सिंह उइके की तलाश कई जिलों में कर चुकी है, लेकिन अमर सिंह उइके पुलिस की पकड़ से दूर है।



संभावना जताई जा रही है कि अमर सिंह उइके के नजदीकी लोग उसे यहां से वहां आने-जाने और रहने-खाने में मदद कर रहे हैं। इसे लेकर विभागीय कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त एसआर मरावी ने बताया है कि डिंडौरी जिले से आई पुलिस टीम ने उनसे भी पूछताछ की। टीम ने उनसे सिर्फ उनकी ज्वाइनिंग की तारीख पूछने के साथ मोबाइल नंबर पूछा। कार्यालय के अन्य कर्मचारियों के साथ भी टीम ने पूछताछ की

## फलदार जामुन समेत सड़क किनारे लगे पेड़ों को बिना अनुमति काटा



**छपारा :** विकासखंड छपारा अंतर्गत भटमतरा ग्राम पंचायत के गंगाढाना में जामुन के फलदार पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। निजी व सरकारी भूमि में लगे जामुन के फलदार पेड़ों को ग्रामीण संतोष सिसोदिया के काटने का आरोप स्थानीय लोगों लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत एसडीएम व तहसीलदार से ज्ञापन सौंपकर की है। इस पर तहसीलदार ने मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। यद्यपि अवैध कटाई मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि एक तरफ सरकार पेड़ पौधे लगाने हर साल वर्षाकाल में पौधारोपण करवाती है। आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया जाता है, तो वहीं हरे-भरे पेड़ों को खुलेआम काटा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छपारा क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं, जो राजस्व विभाग से सांठगांठ कर बड़े पैमाने पर हरे-भरे आम के फलदार पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं।

# जिले के पेट्रोल पंपों पर नहीं खुले पीयूसी सेंटर, नियमों के पेंच में असहाय हुआ विभाग

## नहीं कर पा रहे कार्यवाही, वाहनों से बढ़ रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर में कंडम वाहनों से निकलता धूंआ आबोहवा खराब कर रहा है। दिन प्रतिदिन प्रदूषण बढऩे का यह सबसे बड़ा कारण है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। बड़ी बात यह है कि इस गम्भीर समस्या पर पांच वर्ष पहले परिवहन विभाग ने संज्ञान लेते हुए सभी पेट्रोल पंप पर पीयूसी (प्रदूषण जांच केन्द्र) अनिवार्य कर दिया था, लेकिन अब तक इस पर कार्यवाही नहीं हुई। हालांकि आदेश के बाद प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर इसे अनिवार्य रूप से लागू करने को कहा था। कलेक्टर की बात पर सभी ने सहमति भी जताई। परिवहन विभाग एवं आपूर्ति विभाग ने लगातार संचालकों से पत्राचार भी किया।

जिले के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को पीयूसी खोलने को लेकर नोटिस भी दिया, लेकिन पालन नहीं हो पाया। कुछ दिन इस पर कार्यवाही की बात होती रही और फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ऐसे में जिले के पेट्रोल पंपों पर वाहनों के धुएं की जांच सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले आपूर्ति विभाग के नोटिस पर पेट्रोल पंप संचालकों का यह जवाब था कि जो प्रदूषण जांच मशीन लगनी है वह कम्पनी से दी जाएगी, जिस कंपनी का पेट्रोल पंप है। हालांकि न कंपनियों ने मशीन दी और न ही परिवहन विभाग एवं आपूर्ति विभाग ने कोई कार्यवाही की। मशीन उपलब्ध नहीं होने पर पेट्रोल पंपों पर पीयूसी नहीं लग पाए हैं। वर्तमान में जिले में अधिकतर पेट्रोल पंप पर पीयूसी नहीं बन पाया है। जिले में नागपुर रोड,बसस्टेण्ड के पास, एआरटीओ कार्यालय के बाहर सहित अन्य जगह पर चलता फिरता पीयूसी वर्तमान में देखा जा सकता है। इन पीयूसी पर बिना मशीन के जांच कर सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है। ऐसे में इस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जानकारों का कहना है कि किसी भी वाहन के प्रदूषण का स्तर का पता चलाने के लिए मशीन का होना आवश्यक है। साइलेंसर में यह मशीन रखी जाती है और फिर संचालक इसकी जांच करता है। उसके बाद ही प्रमाण पत्र जारी करता है।




### परिवहन आयुक्त ने जारी किया था आदेश

पांच वर्ष पहले परिवहन आयुक्त ने सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को आदेश जारी कर जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनों से निकलने वाले धुएं की जांच के लिए पीयूसी सेंटर बनाए जाने की बात कही थी। पेट्रोल पंपों को आरटीओ कार्यालय से एनओसी लेकर पीयूसी सेंटर बनाने थे। इन सेंटरों पर वाहनों के धुएं की जांच कर उन्हें सर्टिफिकेट दिए जाते। सभी पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर बनाना अनिवार्य किया गया था। संचालक को आरटीओ कार्यालय में आवेदन करना था और फिर विभागीय जांच के बाद पेट्रोल पंप संचालक को एनओसी जारी की जानी थी। इसके बाद चरणबद्ध अभियान भी चला। परिवहन विभाग ने सभी पेट्रोल पंपों को नोटिस जारी कर पीयूसी लगाने के निर्देश दिए थे।

### हर वर्ष 10 हजार वाहन

जिले भर में लगभग 70 पेट्रोल पंप हैं जिन सभी पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित किए जाने हैं। वर्तमान में किसी पेट्रोल पंप पर पीयूसी नहीं दिख रही है। प्रतिवर्ष करीब 10 हजार नए वाहन सडकों पर उतरते हैं। पूर्व में बीएसथ्री वाहनों को परिवहन विभाग बंद कर चुका है, इन वाहनों से ज्यादा प्रदूषण होता था। पेट्रोल पंपों पर पीयूसी खोले जाने की मंशा शासन की यह है कि प्रत्येक वाहन पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल के लिए जरूर पहुंचता है।

### विभिन्न विधाओं का समर कैंप 15 मई तक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज केवलारी** । लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश अनुसार सी एम राइज विद्यालयों में शिक्षा के अलावा अन्य गतिविधियों में उनकी रुचि के अनुसार सीखने की प्रवृत्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विधाओं में बच्चों को पारंगत शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से 10:30 बजे तक दिया जा रहा है। जिसमें बच्चे बड़े उत्साह से नृत्य, संगीत, गायन वादन , खेलकुद,चित्रकला आदि विभिन्न विधाओं को बड़े उत्साह से सीख रहे है। इस समर कैंप का आयोजन 15 मई तक होगा ।

### बोर्ड पूर्वाद्ध कक्षाओं के प्रवेश फॉर्म मिलना प्रारंभ

सी एम राइज स्कूल प्रबंधन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024 -25 में कक्षा छठवीं, नवमी एवं 11वीं कक्षा में नवीन प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म दिनांक 3 मई से मिलना प्रारम्भ हो गये है। इन कक्षाओं मे नवीन प्रवेश के लिये अंतिम तिथि 15 मई 2024 है।

## प्रभारी प्राचार्य ने रेगुलर स्कूल जाने वाले छात्रों को कर दिया प्राइवेट

# छात्रों ने प्रशासन से लगाई गुहार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ताजा मामला जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशगंज से सामने आया है जहां 12वी के करीब 30 छात्रों को परीक्षा के पूर्व बिना कोई सूचना बिना कोई नोटिस दिए प्रभारी प्राचार्य द्वारा शाला में 75 प्रतिशत से कम की उपस्थिति होने का हवाला देते हुए अनुचित रूप से प्राइवेट कर दिया गया है**

## उपस्थिति रजिस्टर में की गई बड़ी हेराफेरी

बीते दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए हैं इन परीक्षा परिणामों में जिले के कई स्कूलों का रिजल्ट बेहद ही निराशाजनक रहा है। तो कही बेहतर परिणाम आने के बाद भी बहुत से छात्र रेगुलर से प्रायवेट कर दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज गनेशगंज ।

जिसकी जानकारी छात्रों को परीक्षा परिणाम आने के उपरांत ऑनलाइन मार्कशीट के माध्यम से प्राप्त हुई जिसके बाद छात्र अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे तो साला प्रबंधन के द्वारा छात्रों और अभिभावकों को दिसंबर माह की उपस्थिति पंजी की छाया प्रति दिखाई गई जिसमें ज्ञात हुआ कि जो छात्र लगातार विद्यालय आए हैं उन्हें ही रेगुलर से प्राइवेट कर दिया गया जबकि उपस्थिति पंजी के अनुसार जो छात्र कम दिन विद्यालय आए हैं उन्हें रेगुलर कर दिया गया है एवं उपस्थिति पंजी में हेरा फेरी देखी गई हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा करीब 30 बच्चों को रेगुलर से प्राइवेट कर दिया गया है जिससे अब सभी छात्र-छात्राएं परेशान हो रहे हैं जिसको लेकर छात्रों ने लखनादौन एसडीएम को ज्ञापन देकर रेगुलर करवाने की गुहार लगाते हुए प्रभारी प्राचार्य एवं स्कूल प्रबंधन के लापरवाह शिक्षकों पर उच्च स्तरीय जांच करते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है जिससे आने वाले समय में छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने की पुनः पुनरावृत्ति न की जा सके।



### इनका कहना है

इस विषय में जानकारी हेतु जब प्रचार महोदय को फोन लगाया तो उनके द्वारा हमारा फोन उठाना उचित नहीं समझा।

### प्रचंड धूप में भी स्कूल जा रहे बच्चे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। आसमान से आग बरसने का सिलसिला लगातार जारी है। कुछ सेकंड की धूप से ही सिर चकराने लग रहा है। इसके बावजूद भी जिले के कई स्कूल संचालित हो रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इन स्कूलों में प्रतिदिन बच्चे धूप की वजह से चक्कर खाकर गिर भी रहे हैं। इसके बावजूद भी न ही स्कूल प्रबंधन संज्ञान में ले रहा है और न ही जिले के कलेक्टर कोई आदेश जारी कर रहे हैं। पालकों का कहना है कि कलेक्टर को जल्द से जल्द आदेश कर स्कूलों को बंद कराना चाहिए। कम से कम 8वीं क्लास तक तो छुट्टी हो जानी चाहिए। अगर धूप से कोई बच्चा बीमार होगा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। वहीं दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पडने के बाद हवा का रुख बदलने लगा है। अब राजस्थान से आने वाली हवा अपने साथ भीषण गर्मी लेकर आएगी, इसलिए आगामी समय में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। लू भी चल सकती है। हवा में नमी नहीं होने से तपन अधिक रहेगी। कश्मीर में नया पश्चिमी विक्षोभ आने पर 7 मई को आंधी व बारिश के आसार है। गुरुवार को उत्तरी हवा चलने से गर्मी के तेवर नरम रहे।

# वैशाख माह में करें घड़ा, सत्तू, गमझा व चप्पल का दान, दूर होते हैं दोष

**स्वास्थ्य, आध्यात्मिक और सेवा की दृष्टि से देखा जाए तो समय-समय पर होने वाले दान पुण्य हर प्रकार से लाभदायी होते हैं। इनके पीछे वैज्ञानिक सोच भी छिपी होती है, इन्हीं के आधार पर हमारे पूर्वजों ने दान पुण्य के कर्म व वस्तुओं को निर्धारण किया था।**




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दान पुण्य के मामले में वैशाख माह सबसे उत्तम माना गया है। इस माह में किया गया पुण्य कार्य न केवल आत्मिक संतुष्टि प्रदान करता है, बल्कि शारिरिक व्याधियों से निजात पाने में भी सहायक होता है।

### दान के साथ स्वयं के लिए भी लाभदायी

ज्योतिषाचार्य ने बताया वैशाख माह में बेल, शीतल जल पात्र, चप्पल, गमछा, सत्तू, आम का दान करने का महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इसके अलावा स्वयं भी इनका उपयोग करने की बात कही गई है। नदियों में चूंकि शीतल व औषधीय जल प्रवाहित होता है, जो शरीर के कई प्रकार के रोगों से मुक्ति दिलाता है, इसलिए इस माह में स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। वैशाख माह को इसलिए पुण्य का माह भी कहा जाता है। इस माह में कथा पूजन करना श्रेष्ठफलदायी होता है।

### श्रेष्ठ माह है वैशाख

ज्योतिषाचार्य ने बताया गर्मी की तपिश से वैशाख माह में अधिकतर नदी-तालाब सूख जाते हैं। जिससे पक्षियों को पीने का पानी नहीं मिल पाता है। इस महीने में सूर्य अपने पूर्ण प्रभाव में रहता है, इसी वजह से वैशाख महीने में जल और छाया दान के साथ स्वस्थ रहने के लिए ऋतु फलों के दान करने का महत्व अधिक है। वैशाख महीना धर्म-कर्म की दृष्टि से बहुत खास है। इन दिनों में किए गए जल दान का अक्षय पुण्य मिलता है।

## पुलिस ने घेराबंदी कर डोंगरमाली सरपंच को दबोचा, गांजा मामले में बड़ी कार्यवाही

### कोतवाली पुलिस द्वारा NDPS ACT के तहत की गई कार्यवाही, इनोवा क्रिस्टा वाहन से वाणिज्यिक मात्रा में 22 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते हुये 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ, अति० पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर द्वारा अवैध मादक पदार्थ का व्यापार करने वालों के विरूद्ध आपरेशन प्रहार के अंतर्गत कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गये है । उक्त निर्देश के पालन मे जिले समस्त अनुभागों में अनुविभागीय अधिकारी, (पुलिस) के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ का व्यापार करने वालों एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।दिनांक 02.05.24 को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे अपने एक साथी के साथ सफेद रंग की इनोवा कार मे भारी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने के लिए रेंजर कालेज बॉयज हास्टल के पास अंधेरे मे खडा है। कोतवाली पुलिस द्वारा टीम बनाकर घेराबंदी कर विधिवत रेड कार्यवाही की गई आरोपियों द्वारा कार के पीछे के दरवाजे से भागने का प्रयास किया गया परन्तु भागने के प्रयास को विफल कर मनोज लिल्हारे एवं इसके साथी आनंद दमाहे को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिन पर मौका स्थल में एनडीपीएस प्रावधानों के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए कब्जे से वाणिज्यिक मात्रा में 22 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 1,25,000/-रू., 03 मोबाईल फोन, नगदी 5,96,600/- रूपये एवं एक इनोवा क्रिस्टा वाहन सहित अन्य सामग्री जप्त किया गया एवं आरोपी मनोज लिल्हारे पिता भरतलाल लिल्हारे उम्र 43 वर्ष निवासी म.नं. 266 वार्ड नं. 13 डोंगरमाली थाना रामपायली, आनंद दमाहे पिता शिवप्रसाद दमाहे उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 06 डोंगरमाली थाना रामपायली जिला बालाघाट को विधिवत गिरफ्तार कर थाना कोतवाली बालाघाट में अपराध क्र. 278/2024 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।गिरफ्तार आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा गिरफ्तार आरोपियो को पृथक से रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा।



पुलिस दबिश उपरान्त थाना कोतवाली बालाघाट में जप्त मशरुका एवं गिरफ्त

| क्र. | नाम पता आरोपी | जप्त मशरु |
|---|---|---|
| 01 | मनोज लिल्हारे पिता भरतलाल लिल्हारे उम्र 43 वर्ष निवासी म.नं. 266 वार्ड नं. 13 डोंगरमाली थाना रामपायली | 1. 22 कि.ग्रा. अवैध म कामती करीब 1,25,0 2. एक इनोवा क्रिस्ट रजिस्ट्रेशन नंबर MP5 3. एप्पल कंपनी, ACE कंपनी की 03 मोबाई 4. एक सफेद कपड़े जे अंग्रेजी में Shivalal N के अंदर नगदी 5,96,( |
| 02 | आनंद दमाहे पिता शिवप्रसाद दमाहे उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 06 डोंगरमाली थाना रामपायली जिला बालाघाट | |
| | | कुल मशरूका करीबन 1 |

आरोपी मनोज लिल्हारे की आपराधिक

| क्र. | थाना/जिला/राज्य | अप.क्र. |
|---|---|---|
| 01 | थाना रामपायली जिला बालाघाट(म.प्र.) | 546/2005 |
| | | 349/2009 |
| | | 369/2009 |
| | | 89/2010 |
| 02 | थाना ग्रामीण(नवेगांव) जिला बालाघाट(म.प्र.) | 269/2022 |
| 03 | थाना आमानाला रायपुर(छ.ग.) | 209/2015 |
| 04 | थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट(म.प्र.) | 173/2022 |
| | आरोपी मनोज लिल्हारे जिन प्रकरणो में फरा | |
| 05 | थाना बरघाट जिला सिवनी(म.प्र.) | 37/2019 |
| 06 | थाना लालबर्रा जिला बालाघाट(म.प्र.) | 88/2024 |

**सराहनीय भूमिकाः** आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले, उनि. प्रदीप सिंह बघेल, उनि. दीपसिंह परमार, उनि. नवीन कुमार पाण्डेय, प्रआर. 107 राहुल गौतम, आर. 28 शैलेष गौतम, आर. 459 गजेन्द्र माटे, आर. 462 पालेश्वर मरकाम, आर. 1211 संदीप जाट, आर. 87 मनीजर मरकाम, आर. 675 तिलक अड़मे, प्र.आर. आकाश ब्रम्हे सहित थानाकोतवाली स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जिले के 9 उपार्जन केंद्रों में 31 मई तक होगा गेहूं व चना उपार्जन कार्य

**बालाघाट।** जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसो उपार्जन के लिए 31 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में पंजीकृत किसानों के लिए गेंहू व चना उपार्जन के लिए 9 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। इन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर उपार्जन अब 31 मई तक किया जा सकता है। बालाघाट के उपार्जन केंद्र गोंगलई विपणन सहकारी समिति टाकाबर्रा में बालाघाट के 579 व किरनापुर के 308 किसानों ने पंजीयन करवाया है। वही खैरलांजी तहसील के उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति खरखड़ी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सावरी में 931 तथा शासकीय कृषि प्रक्षेत्र किन्ही सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरलांजी में 555 किसान शामिल है।

### कल जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी नीट परीक्षा





**बालाघाट।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जारी पत्र के अनुसार 5 जून को नीट परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में ये परीक्षा आयोजित की जाएगी।परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं सुचारू रूप से परीक्षा के संपादन के लिए उड़नदस्ते को आदेश जारी किए गए है। जिसके अनुसार परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय भरवेली, ओजस ग्लोबल स्कूल देवटोला, महर्षि विद्या मंदिर समनापुर रोड भटेरा चौकी, सेंटमेरी स्कूल वार्ड नंबर 2 भटेरा रोड, बालाघाट इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल सुरभि नगर, विवेक ज्योति ज्ञानपीठ वार्ड नंबर 33 बन्दरझिरिया के लिए उड़नदस्ते में एसडीएम श्री गोपाल सोनी व सहायक निरीक्षणकर्ता तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार होंगे। वहीं ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल वारासिवनी रोड डोंगरिया, आइडल पब्लिक स्कूल वार्ड न.8 चंदोरी वारासिवनी, सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल लालबर्रा रोड गर्रा, जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी, शासकीय शंकर शाव पटेल आर्ट, कॉमर्स एवं लॉ कॉलेज वारासिवनी तथा गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड कायदी के लिए उड़नदस्ता वारासिवनी एसडीम श्री राजीव रंजन पांडे व सहायक निरीक्षणकर्ता तहसीलदार वारासिवनी श्री शेख इमरान मंसूरी को शामिल किया गया है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 6 को

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 6 मई को जिला सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई है। सोमवार को टीएल बैठक के तुरंत बाद कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में बैठक संपन्न की जाएगी।

## इफको ने प्रदाय किया मिनी साउंड सिस्टम



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत आने वाली 126 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में नैनो यूरिया व डीएपी के प्रचार प्रसार के उद्देश्य को लेकर इफको बालाघाट द्वारा 03 मई 2024 को मिनी साउंड सिस्टम बैंक मुख्यालय को प्रदाय किया गया। इस अवसर पर बैंक सीईओ आर.सी. पटले, डीडीए राजेश खोब्रागड़े, इफको क्षेत्रीय अधिकारी वैदिक अगाल, प्रबंधक लेखा पी. जोशी, फील्ड अधिकारी राजेश नागपुरे उपस्थित रहे।इस अवसर पर वैदिक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहला अवसर जब बैंक मुख्यालय को इफको नैनो यूरिया, डीएपी के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए मिनी साउंड सिस्टम प्रदाय किया गया है। इसी तारतम्य में बैंक सीईओ पटले ने बताया कि इफको द्वारा समिति स्तर पर नैनो यूरिया प्रदाय किया जा रहा है जिसका विक्रय किया जा रहा है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए यह मिनी साउंड सिस्टम कारगर साबित होगा। इसका उपयोग समिति और शाखाओं में होने वाले कार्यक्रमों में किया जावेगा। इस दौरान डीडीए खोब्रागड़े ने कहा कि जिले में इफको नैनो यूरिया, डीएपी की ओर किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है।

### उपार्जन केंद्र में किसानों से नहीं खरीदा जा रहा गेहूं

## खुले बाजार में गेहूं बेचने मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी तहसील क्षेत्र के एकमात्र रबी उपार्जन केंद्र में गेहूं की खरीदी बेहद मंद गति से चल रही है. किसान उपार्जन केन्द्र में गेहूं तो ला रहे है परंतु खरीदी को लेकर सरकार के सख्त नियमों के चलते किसानों को अपनी उपज बेचने में काफी कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है. शुक्रवार को सेलवा स्थित उपार्जन केन्द्र में किसानों ने अपने साथ होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया और बताया कि किन कारणों से उनकी उपज को सर्वेयर रिजेक्ट कर रहे है तो वहीं खरीदी केन्द्र प्रभारी ने बताया कि तय मापदंड यानी की क्वालिटी का गेहूं नहीं होने के कारण फसल को रिजेक्ट किया जा रहा है. इस बीच यह भी चर्चा चल रही थी कि सर्वेयर और खरीदी प्रभारी आपस में मिलीभगत कर जानबूझकर गेहूं को रिजेक्ट कर रहे है ताकी किसान परेशान होकर व्यापारियों को औने-पौने दाम में गेहूं बेचने को मजबूर हो जाए. मगर, खरीदी प्रभारी ने इस तरह की चर्चाओं को भी निराधार बताया. सेलवा गेहूं उपार्जन केंद्र में 900 से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन करवाया है. शुक्रवार को 113 किसानों की स्लॉट बुक थी किंतु केवल 03 किसानों ने ही गेहूं लाकर बेची है और आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल को रिजेक्ट कर दिया गया. ऐसे में टारगेट से बेहद कम खरीदी अब तक हो पाई है. जानकारी के मुताबिक 24 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हो चुकी है इस माह के अंत तक खरीदी होना है।

गौरतलब हो कि इस साल बेमौसम की बारिश, ओलावृष्टि से रबी की प्रमुख फसल गेहूं को काफी नुकसान हुआ है. गेहूं की फसल की चमक कम हो गई और उसकी गुणवत्ता पर हल्का प्रभाव पड़ा है. किसानों की माने तो इसी कारण गेहूं को रिजेक्ट किया जा रहा है. जिस वजह से किसान बेहद परेशान हो रहे है. किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी को इस संबंध में शिकायत की है. विधायक ने इस मामले में डीएमओ और एफसीआई के अधिकारियों से चर्चा की तब इन अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने खरीदी कर रहे कर्मचारियों और सर्वेयर से साफ शब्दों में कहा कि गुणवत्ता वाला गेहूं की ही खरीदी करें. जिससे खरीदी केन्द्र में हालात और खराब हैं. किसान खरीदी केंद्र में हो रही परेशानी को देखते हुए घाटे में खुले बाजार में गेहूं बेचने को मजबूर हो गए हैं।

किसानों का कहना है कि इस बार गेहूं खरीदी के लिए प्रशासन ने सख्त नियम बना दिए हैं. गेहूं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की जा रही है. अगर गेहूं में जरा भी मिट्टी होती है तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है. इस बार बेमौसम बारिश ने गेहूं की फसल को काफी हद तक खराब कर दिया है. अब किसान अपना गेहूं लेकर दर-दर भटक रहा है. खरीदी केन्द्र में उपज लाने के बाद फिर गेहूं की छनवाई करवाई जा रही है. किसान सरकारी केंद्र पर गेहूं नहीं बेच पा रहा है. खरीदारी में जुटे कर्मचारी बसंत ने बताया कि गुणवत्ताहीन गेहूं को खरीदने के लिए अधिकारियों ने सख्त मना किया है. केवल उच्च गुणवत्ता वाला गेहूं ही खरीदे जाने के दिशा-निर्देश हैं।

## उकवा वार्ड नंबर 20 की समय पर नहीं खुलती आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज उकवा।



जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा के वार्ड नंबर 20 में वार्ड नंबर 19 से 20 तक के बच्चो के लिए आगनवाड़ी बनाई गई है। जहाँ पर आगनवाड़ी कार्यकर्ता और साहिका को पदस्थ किया गया है। वहीं इस पर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 20 के लोगो द्वारा काफी दिनों से शिकायत पंचायत को दी जा रही थी की उक्त वार्ड की आगनवाड़ी करीब कई वर्ष से समयानुसार संचालित नही की जा रही है।जिस पर उकवा सरपंच सुश्री अनुसुइया छतरिया के द्वारा संबंधित वार्ड के लोगो के साथ स्थल निरीक्षण कर पाया की आगनवाड़ी अपने समय पर नहीं खुलती है और समय से पहले ही बंद हो जाती है ऐसा वर्षो से चला आ रहा है लोगो द्वारा बताया गया की जब हमारे द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को समय सीमा के संबंध में कहा जाता है तो वह अपने पत्रकार पति का डर बता कर हमे चुप रहने को कहा जाता है किंतु यह स्थिति वर्षो से निरंतर बनी है जिससे स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूट गया है ।और अब उक्त वार्ड के वार्ड वासी सहज सिक्का ,हरिराम भलावी , बरनू सिक्का , राम भलावी,जियालाल टांडी, आशीष सिक्का, अशोक नागेश्वर एंव प्रियंका के द्वारा वार्ड नंबर 20 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के ऊपर शासन द्वारा नियम संगत कार्यवाही करने की मांग कर रहे है। जिसे लेकर सेक्टर उकवा की आगनवाड़ी सुपरवाइजर को सरपंच द्वारा मौखिक तौर पर बताया गया है किंतु आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई है जिसे लेकर लोगो ने भी रोष व्यक्त किया है।

## मामला सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का : बुलेट चोरी मामले में कार्यवाही नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है, मामले में अब छात्र संघ एनएसयुआई ने तत्काल ही मामले में कार्यवाही की मांग की है, वही मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बतांदे कि गत 23 अप्रैल को डोंगरिया स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी से एक छात्र के दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले में बीते दिनों से लगाकार छात्रों और यूनिवर्सिटी प्रबंधन के बीच विवाद चल रहा है, लगातार छात्र अपने अपने बुलेट वाहन चोरी होने के मामले में पुलिस कार्यवाही की मांग कर रही है, उल्लेखनीय है कि वाहन चोरी से आहत होने पर छात्र के द्वारा आत्महत्या का भी प्रयास किया था, लेकिन अब तक 9 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे नाराज छात्र ने एक बार फिर अपने साथियों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है, जिसमे उन्होंने प्रशासन को 3 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, इस दौरान पीड़ित छात्र के साथ एनएसयुआई के पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने यह स्पष्ट किया है की अगर 3 दिनों के भीतर वाहन चोरी के मामले में कोई कार्यवाही नहीं होती है तो 3 दिन बाद से वे एनएसयूआई के बैनर तले अनशन पर बैठ जायेंगे।

### छात्रा ने कहा फीस माफ करने का दे रहे प्रलोभन

मामले में शिवांशु तिवारी ने बताया कि वाहन चोरी के मामले में अब तक प्रबंधन और पुलिस विभाग ने कोई कार्यवाही नही कि है, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के संचालक ने भी मामले में कोई कार्यवाही नही कि, अगर 3 दिनों के भीतर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो हम अनशन पर बैठ जायेगे। एनएसयुआई कार्यकर्ता शिवम शर्मा ने बताया कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी बाईक चोरी के मामले में लगातार यूनिवर्सिटी और पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है, उन्होंने बताया कि छात्र शिवाशु तिवारी पर एफआईआर वापस लेने के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन दबाव बना रहा है, वही फीस माफ करने का प्रलोभन भी दिया जा रहा है जो कि न्योयचित नहीं है, अगर 3 दिनों के भीतर कार्यवाही नहीं होती है तो एनएसयुआई संगठन भी छात्र के साथ अनशन पर बैठेगा।

### रामपायली में सीएम राइज विद्यालय वरदान साबित होगा- विधायक विक्की पटेल

## रामपायली में सीएम राइज विद्यालय प्रारंभ करने की नागरिकों ने की मांग

### शिक्षा मंत्री को पत्र देकर विधायक ने रामपायली, कोचेवाही व भेंडारा में सीएम राईज स्कूल खोलने की मॉग की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश सरकार ने सी एम राइज योजना के तहत सर्वसुविधा युक्त स्कूल प्रारंभ किए हैं। अनेक स्थानों में यह स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पहल को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने उन्नत किस्म के विश्व स्तरीय विद्यालय प्रारंभ कर चुके हैं। जिसमें केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर इन विद्यालयों को प्रारंभ किया गया हैं। इसमें अंग्रेजी, हिन्दी दोनों माध्यमों में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। यह स्कूल विश्व स्तरीय सुविधाओं से परिपूर्ण होने के साथ-साथ बच्चों को ज्ञान कौशल और नागरिकता के साथ संस्कार देना सुनिश्चित कर रहे हैं। जिसमें भारतीय संस्कृति और संस्कारों की भी शिक्षा दी जा रही हैं। ऐसे विद्यालय को जगह-जगह खोला गया हैं, लेकिन रामपायली जैसी ऐतिहासिक नगरी सी एम राइज विद्यालय से महरूम हैं। जहां हजारों छात्र-छात्राओं की शिक्षण व्यवस्था प्रति वर्ष एक दर्जन से अधिक विद्यालयों से पूर्ण कर रहे हैं और आगे की शिक्षण व्यवस्था के लिए यहां वहां छात्र-छात्राएं भटकते नजर आते हैं। यह विद्यालय प्रारंभ होता हैं, तो नगर को विश्व स्तरीय शिक्षण व्यवस्था की नई सौगात मिलेगी, इसके लिए स्थानीयजनों ने अपने स्तर पर लगातार प्रयास किया, किंतु प्रयास सदैव असफल रहे।

विद्यार्थियों के पालकों ने बताया कि रामपायली ऐतिहासिक नगरी होने के साथ-साथ लगभग 25 ग्राम पंचायत का केंद्र बिंदु हैं। जहां प्रतिदिन आसपास के हजारों छात्र-छात्रा विद्या अध्ययन के लिए पहुंचते हैं और हजारों छात्र-छात्राओं ने अपनी शिक्षण व्यवस्थाएं रामपायली से पूर्ण की हैं। जहां सी एम राइज विद्यालय का श्री गणेश होता हैं, तो नगर के लिए एक बड़ी सौगात होगी, यह विद्यालय गरीब निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा, जिन्हें लंबी दूरी तय कर आगे की शिक्षण व्यवस्था पूर्ण करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

विदित हो कि वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने रामपायली में सी एम राइज स्कूल प्रारंभ करने के लिए विधायक बनते ही अपने स्तर पर प्रयास जारी कर रखे हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल विधानसभा के दरमियान शिक्षा मंत्री से प्रत्यक्ष भेंट कर कोचेवाही, रामपायली और भेंडारा में सी एम राइज विद्यालय का शुभारंभ किये जाने के लिए पत्र देकर वर्ष 24-25 से इसकी शुरुआत करने की मांग रखी है। उन्होंने बताया कि सी एम राइज विद्यालय का रामपायली, कोचेवाही और भेंडारा में शुभारंभ होता हैं, तो हजारों छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। विशेषतः निर्धन छात्र जो लंबी दूरी तय नहीं कर सकते, निजी विद्यालयों की शरण में नहीं जा सकते। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए सीएम राइज विद्यालय वरदान साबित होगा। जिसके लिए वह प्रयासरत है, लगातार शिक्षा मंत्री के संपर्क में है। रामपायली ऐतिहासिक नगरी के अलावा व्यापारिक केंद्र है एवं दो राज्यों की सीमाओं से सीधा संपर्क होने के साथ-साथ नागपुर जिले के मार्ग पर स्थित है। जहां प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राओं के अलावा अनेक लोग अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं और आसपास के ग्रामों में प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय मौजूद हैं। जहां से शिक्षा पूर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं को अच्छे विद्यालयों के लिए भटकने की विवशता लगातार विगत अनेक वर्षों से बनी हुई है। यदि रामपायली ऐतिहासिक नगरी को सीएम राइज विद्यालय की सौगात मिलती हैं, तो यह नगर के लिए सौभाग्यशाली कदम सरकार की ओर से होगा, जो प्रशंसात्मक होगा। इस दिशा में मध्य प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री से आम नागरिकों ने अपेक्षा बनाए रखी है कि नगर को सी एम राइज विद्यालय की सौगात दी जाए।

### 76 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शुक्रवार को 76 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 702 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान एडीएम श्री जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने,डीडीए श्री राजेश खोबरागढ़े, एजी-3 विश्वेश्वर भगत, एस7 सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, निर्दलीय श्री वैभव मर्सकोले तथा पोस्टमेन श्री डोंगरे उपस्थित रहे।

## नगर के आमगांव मार्ग पर सुभाष चौक में हुआ हादसाः अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी तेज रफ्तार कार, बाल-बाल बचे सवार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** थाना क्षेत्र के आमगांव मार्ग सुभाष चौक के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। गनीमत रहा कि कार सवारों को अधिक चोटें नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम लग गया था। सभी फिल्मी स्टाइल में डिवाइडर में घुसे वाहन को देखकर अचंभित नजर आए। जेसीबी मशीन के माध्यम से कार को सडक़ से हटवाकर जाम खुलवाया गया। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एपी 28 सीजे 6078 में चालक संजू पिता भागचंद पांचे निवासी ग्राम भुआ के अलावा दुर्गेश पांचे निवासी ग्राम सिंघाड़ी सवार था। कार चालक संजू पांचे ने बताया कि वे ग्राम सतीटोला से दवा खरीदने मेडिकल दुकान तक आए थे। वापस घर की ओर जा रहे थे। तभी अचानक कार अनियंत्रित हुई और चौराहे पर बने डिवाइडर में जा टकराई। घटना देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। सडक़ पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। गनीमत रहा कि कार का पहिया डिवाइडर में लगे लोहे के खंबो में जाकर फंस गया। वरना बड़ा हादसा होने की बात से इंकार नहीं किया जा सकता। मौके पर उपस्थित लोगों ने सहायता कर जेसीबी के माध्यम से डिवाइडर में फसी कार को बाहर निकलवाया। इसके बाद मार्ग पर यातायात सुचारू हो सका।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
B.Tech. & Polytechnic
4 Year Degree
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com